Need to release a coin in honour of Sant Veer Meghmaya, a great Saint of Gujarat

डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): जैसे की हम सब को विदित है कि गुजरात के पाटन में 1000 साल पहले वीर मेघ माया ने अपना बलिदान दे कर सभी मनुष्य, पशु, पक्षी एवं प्रकृति को पानी मुहैया करवाया था और सामाजिक न्याय की बड़ी मिसाल रखी थी ।

वीर मेघ माया दलित समाज के बुनकर परिवार से थे। उन्होंने सामाजिक समरसता का प्रथम से दृष्टांत दिया था।

ऐसे महान एवं बलिदानी संत की स्मृति में भारत सरकार द्वारा सौ रुपये का सिक्का (कॉइन) निकालने की मैं विनम्र माँग रखता हूँ ।

मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी जी का विशेष आभारी हूँ कि भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट निकालने का अहम निर्णय लिया है।